तापमान
अधिकतम 17.0 डिग्री
न्यूनतम 4.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, सोमवार, 15 जनवरी 2024

11 विद्यार्थियों को नशा न करने के बारे में किया जागरूक



12 धूमधाम से मनाया गया मकर संक्रांति का पर्व



## खबर संक्षेप

### डीजे बजाने से रोका तो घर में घुस किया हमला

**जींद।** गाव भम्भेवा निवासी जयप्रकाश ने बताया कि उनके पडोसी पुनित के घर में कार्यक्रम था। जिसमें डीजे पर जाति विशेष को लेकर गाना बजाया जा रहा था। उसके भतीजे आशीष ने आपत्ति जताई। जिस पर पुनित व उसके साथी आशीष के साथ हाथापाई पर उतर आए। आरोपित पीछा करते हुए घर घुस आए और हमला कर दिया। जिसमें उसे, उसके भतीजे आशीष तथा भाई रणबीर को चोटें आई।

### सट्टा खाईवाल करते तीन काबू, राशि बरामद

**जींद।** जिला पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर तीन लोगों को सट्टा खाईवाल करते काबू कर उनके कब्जे से 5330 रुपये बरामद किए हैं। संबंधित थाना पुलिस ने पकड़े गए आरोपितों से पूछताछ कर रही है। जुलाना थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि ब्राह्मण धर्मशाला के निकट गांव हथवाला निवासी अनूप सट्टा खाईवाल का कार्य कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अनूप को काबू कर लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 1920 रुपये की नगदी तथा सट्टा पर्ची बरामद हुई।

### असलहा के साथ युवक काबू, पिस्तौल बरामद

**जींद।** डिटेक्टिव स्टाफ ने गांव सिंध्वीखेड़ा के निकट एक युवक को काबू कर उसके कब्जे से एक पिस्तौल बरामद किया है। डिटेक्टिव स्टाफकर्मी गांव सिंध्वीखेड़ा के निकट गश्त कर रहे थे। उसी दौरान एक युवक पुलिसकर्मियों को देख कर भागने लगा। पुलिसकर्मियों ने युवक का पीछा कर उसे घर दबोचा। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक पिस्तौल बरामद हुआ। युवक की पहचान गांव सिंध्वीखेडा निवासी सोमवीर के रूप में हुई।

### कनाडा भेजने के नाम पर ठगे आठ लाख रुपये

**कैथल।** युवक को कनाडा भेजने के नाम पर दो आरोपियों ने आठ लाख रुपये ठग लिए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। गांव चूहड़माजरा निवासी संजू कुमार नें शिकायत दी कि करनाल के गांव कतलाड़ी निवासी सोनू उसकी बुआ का पोता है। सितंबर 2022 में उसने सोनू से कनाडा जाने के बारे में बातचीत की। सोनू ने करनाल में जालंधर निवासी गुरमीत से उसकी बात करवाई। गुरमीत ने इसके लिए 28 लाख रुपये मांगे।

### अलग-अलग सड़क हादसों में दो की मौत

**कैथल।** दो अलग-अलग जगहों पर हुई सड़क दुर्घटनाओं में दो की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों मामलों में अज्ञात वाहन चालकों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पहले मामले में गांव कैलरम निवासी संदीप ने तितरम थाना में शिकायत दी कि 12 जनवरी को रात करीब साढ़े सात बजे उसका 35 वर्षीय जीजा कुलदीप मोटरसाइकिल पर उनके पास आ रहा था। जब वह गांव के बाहर पैट्रोल पंप के पास पहुंचा तो अज्ञात वाहन चालक ने उसे टक्कर मार दी।

### 80 लीटर लाहन व 21 बोतल शराब के साथ एक काबू

**जींद।** पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने गांव खरकगादियां पशुबाडे.में छापेमारी कर 80 लीटर लाहन तथा 21 बोतल कच्ची शराब बरामद कर एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव खरकगादियां निवासी सुरेंद्र अवैध शराब को कारोबार करता है। सूचना के आधार पर पुलिस ने सुरेंद्र के ठिकाने पर छापेमारी की तो वहा पर उसके पशुबाडे मे 80 लीटर लाहन तथा 21 बोतल कच्ची शराब बरामद हुई।

## चिराग योजना के तहत निजी स्कूलों में चौथी से 12वीं कक्षा तक दाखिला लेने के इच्छुक छात्रों के लिए शेड्यूल जारी

### इच्छुक 31 मार्च तक दाखिले के लिए कर सकते हैं आवेदन

### अभिभावकों की आय एक लाख 80 हजार रुपये से होनी चाहिए कम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

मौलिक शिक्षा निदेशालय ने जरूरतमंद छात्रों के लिए चिराग योजना के तहत शिक्षा सत्र 2024-25 में चौथी से 12वीं कक्षा के निजी स्कूलों में दाखिला देने के लिए शेड्यूल जारी किया है। अभिभावक या छात्र सहमत मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों में 15 मार्च से 31 मार्च तक आवेदन कर सकते हैं। जिन विद्यालयों में सीटों से ज्यादा आवेदन प्राप्त होंगे तो उस स्थिति में दाखिले के लिए लॉटरी के माध्यम से एक अप्रैल से पांच अप्रैल तक की अवधि में ड्रॉ निकाले जाएंगे तथा संबंधित अभिभावकों को ड्रॉ निकालने की तिथि व समय बारे सूचित करेंगे और उनकी उपस्थिति में ड्रॉ निकाला जाएगा। मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय एक अप्रैल से दस अप्रैल तक दाखिले की प्रक्त्रिया सम्पन्न करेंगे तथा सफल छात्रों की सूची विद्यालय के नोटिस बोर्ड पर दर्शाएंगे। निदेशालय द्वारा जारी किए गए शेड्यूल के अनुसार मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय चिराग स्कीम के तहत छात्रों के दाखिले करने बारे अपनी सहमति विभाग की वेबसाइट पर दस जनवरी से लेकर दस फरवरी तक करवा सकते हैं। सहमत मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों को कक्षा अनुसार घोषित सीटों का विवरण विभागीय साइट पर दर्शाया जाएगा व संबंधित विद्यालय दस मार्च से नोटिस बोर्ड पर सीटों की जानकारी चस्पाएगा।

**खास बातें**

- 15 मार्च से कर सकेंगे आवेदन
- ज्यादा आवेदन होने पर लॉटरी के माध्यम से होगा ड्रा
- निजी विद्यालयों को कक्षा अनुसार घोषित सीटों का विवरण देना होगा
- खाली सीटों का विवरण विभागीय सीट पर दर्शाया जाएगा

**सरकारी स्कूल से एसएलसी लेना अनिवार्य**

प्राइवेट मान्यता प्राप्त विद्यालयों में जिन विद्यार्थियों के अभिभावकों की आय एक लाख 80 हजार रुपये या इससे कम होगी, उन विद्यार्थियों को दाखिले के लिए पात्र माना जाएगा। इस स्कीम के तहत वे विद्यार्थी पात्र होंगे। जिन्होंने गत शैक्षणिक वर्ष में अपनी शिक्षा सरकारी स्कूल से प्राप्त या उत्तीर्ण की हो। विद्यार्थी का सरकारी स्कूल से एसएलसी लेना अनिवार्य है। दाखिले के लिए विद्यार्थी की फैमिली आईडी का होना अनिवार्य है।

**लॉटरी ड्रॉ के बाद मुख्य सूची में सफल छात्रों को लेना होगा दाखिला**

लॉटरी ड्रॉ के बाद मुख्य सूची में सफल छात्रों द्वारा निर्धारित तिथि तक दाखिला नहीं लेने पर उनकी रिक्त सीटों पर प्रतीक्षा सूची के छात्रों के दाखिले 15 अप्रैल तक होंगे। दाखिला अवधि में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी संबंधित विद्यालय में विभागीय नोमनी नियुक्त करेंगे। इसके लिए वह विद्यालय के नजदीक के खंड शिक्षा अधिकारी, सरकारी विद्यालय के किसी प्राचार्य, मुख्याध्यापक, पीजीटी अध्यापक में से किसी एक को नियुक्त किया जा सकता है।




जींद। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय। फोटो: हरिभूमि

**निजी विद्यालयों में ले सकेंगे दाखिला**

डा. शिक्षा अधिकारी सुरेंद्र हुड्डा ने बताया कि निजी स्कूलों में चिराग योजना के तहत दाखिले को लेकर शेड्यूल जारी किया गया है। विद्यार्थी को सरकारी स्कूल से एसएलसी लेना अनिवार्य होगा। इच्छुक विद्यार्थी 15 मार्च से लेकर 31 मार्च तक दाखिले के लिए कर आवेदन कर सकते हैं। जिन विद्यार्थियों के अभिभावकों की आय एक लाख 80 हजार रुपये से कम है, वह विद्यार्थी ही निजी विद्यालयों में आवेदन कर सकते हैं।

## दोपहर में निकली धूप, ठंड से राहत नहीं

## रात का तापमान तीन डिग्री गिरा, छाया रहा घना कोहरा

### दिन में धूप निकलना फसलों के लिए फायदेमंद, अभी ठंड से राहत की नहीं उम्मीद, धुंध तथा कोहरे के बढ़े आसार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

कड़ाके की ठंड का सितम लगातार जारी है। बीती रात घना कोहरा तथा धुंध छाई रही। रात का तापमान भी काफी कम रही। रविवार को दिन भर धूप खिली रही। मौसम शुष्क तथा साफ बना रहा। बावजूद इसके ठंड से कंपकपी छुटती रही। हालांकि अधिकतम तापमान में कुछ इजाफा हुआ लेकिन न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। लोगों को खिली धूप का आनंद लेते देखा गया। रविवार को अधितिम तापमान 14 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान तीन डिग्री दर्ज किया गया। मौसम में आद्रता 65 प्रतिशत तथा हवा की गति दस किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार फिलहाल ठंड से राहत मिलने के कोई आसार नही हैं। किसान फसलों की निगरानी बनाए रखें। धुंध तथा कोहरा की सभावना बढ गई है। सर्दी के मौसम में इस बार जबरदस्त ठंड पड रही है। नव वर्ष में तो कडाके की ठंड के सितम ढाह रही है। पिछले चार दिनों से धूप निकल रही है लेकिन ठंड से राहत नहीं मिल रही है। बीती रात घना कोहरा तथा धुंध छाई रही। हालात यहां तक रहे कि सड़कें पूरी तरह सुनसान हो गई। बडे. वाहनों को इंडिकेटर जलाए सड़कों के नीचे खडा देखा गया। पारा लुढक कर तीन डिग्री पर आ गया। घनी धुंध तथा कोहरे का प्रकोप रविवार को भी बना रहा। हवा की गति तेज होने पर कोहरा तथा धुंध छटी। जिसके बाद मौसम साफ हो गया ओर धूप खिल उठी।



जींद। सुबह के समय एक-दूसरे के पीछे लाइट जलाकर चलते हुए वाहन।



जींद। खेत में खिली हुई फसल। फोटो: हरिभूमि

**आज धुंध तथा कोहरे के आसार**

रविवार को दिन का आगाज घनी धुंध तथा कोहरे के साथ हुआ। दिन चढ़ने के साथ हवा की गति कुछ तेज हुई तो धुंध तथा कोहरा भी छंट गया और मौसम साफ होने के साथ धूप भी खिल उठी। दिनभर धूप खिली रही। हवा ठंडी तथा तेज होने के चलते लगातार कंपकपी छुडाती रही। हालांकि तापमान में थोड़ी सी बढोत्तरी हुई लेकिन ठंड से राहत नहीं मिली। मौसम के साफ रहने तथा तापमान में इजाफा होने के चलते को धुंध तथा कोहरा पड़ने की संभावना बढ़ गई है। ठंड से भी राहत मिलने के आसार नही है।

**फसलों के लिए वरदान**

पांडू पिंडारा कृषि विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि मौसम शुष्क तथा परिवर्तनशील रहेगा। रात को धुंध तथा कोहरा पड़ना दिन में धूप का निकलना फसलों के लिए फायदेमंद है। फिलहाल ठंड से राहत मिलने के आसार नही है।

## अनैतिक कार्यों के विरोध में उतरे दुकानदार

- निजी होटल के खिलाफ पुलिस को शिकायत दे कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

शहर के नरवाना रोड स्थित एक निजी होटल में अनैतिक कार्य और अश्लीलता परोसे जाने पर स्थानीय दुकानदार उतर आए हैं। रविवार को नरवाना रोड पर जींद कल्याण समिति के नेतृत्व में लोग एकत्रित हुए और पटियाला चौक स्थित पुलिस चौकी प्रभारी को शिकायत दी। शहरवासियों ने आरोप लगाया कि नरवाना रोड पर खुले निजी होटल से आसपास का माहोल खराब हो गया है। जिसका असर उनके बच्चों पर पड़ रहा है। शहरवासी प्रदीप, रणबीर, प्रेम भुक्कल, सतीश, आकाश, नरेंद्र, मनीष, अनिल कुमार, कुलदीप, नसीब, कप्तान, गुलाब और कृष्ण कुमार ने बताया कि निजी होटल काफी समय से खुला है और यहां अनैतिक कार्य होते हैं। जिससे बच्चों पर इसका दुष्प्रभाव पड़ रहा है। कई बार यहां युवकों द्वारा शराब पीकर हुड़दंग मचाने की घटनाएं हो चुकी हैं। जब भी कॉलोनी के लोग होटल में गलत कार्य का विरोध करते हैं तो बिल्डिंग मालिक और होटल कर्मचारी उसके साथ मारपीट करने पर उतारू हो जाते हैं। यह होटल पुलिस प्रशासन की छवि को भी धूमिल कर रहा है। उन्होंने पुलिस से होटल में छापेमारी कर संचालक पर कार्रवाई की मांग की है। पटियाला चौक प्रभारी समरजीत ने बताया कि एक निजी होटल के खिलाफ पुलिस को शिकायत मिली है। पुलिस ने होटल संचालक को बुलाया है। मामले की उचित जांच कर कार्रवाई की जाएगी।



जींद। बैठक करते हुए दुकानदार। फोटो: हरिभूमि

### हथियारबंद लोगों ने फौजी के घर पर बोला हमला

**जींद।** नरवाना के गांव फरैण कलां में एक घर में घुस कर हथियारबंद युवकों ने हमला कर दिया। बदमाशों ने गाड़ी और घर के शीशे तोड़ दिए ओर हथियार लहराते हुए फरार हो गए। फौजी ने सदर थाना पुलिस को शिकायत दे दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव फरैण कलां निवासी पवन ने बताया कि वह सीआरपीएफ में कार्यरत है और वह छुट्टी पर घर आया हुआ है। उसने आरोप लगाया कि 13 जनवरी शाम को गांव के ही राहुल ने उसके साथ झगड़ कर लिया था, जिसकी शिकायत देने के लिए वह रविवार को सदर थाना में गया था। जब वह घर की छत्त पर था तो उसने शोर शराबा सुनाई दिया। उसने देखा कि गांव के ही मदनए विकासए राहुलए बहादुरए पवनए रामभजए राकेशए तरसेम और तीन.चार अन्य तेजधार हथियारों से लैस होकर उसके घर में घुस गए। वह तुरंत पीछे से मकान की दीवार फांदकर भाग गया।

### जबरन गर्भपात कराने के दो आरोपी गिरफ्तार

**जींद।** सदर थाना पुलिस ने गांव ढांडाखेड़ी में महिला को जबरन नशीली गोलियां देकर गर्भपात करवाने तथा मारपीट करने आरोपित पति तथा जेठ को गिरफ्तार किया है। गांव ढांडाखेड़ी निवासी समीर की पत्नी पूनम ने शिकायत में बताया था कि उसकी शादी मार्च 2021 में हुई थी। शादी से उसे सवा साल की बेटी भी है। अब फिर से वह अढ़ाई माह की गर्भवती थी। 19 अगस्त को उसके उसके ससुरालवालों ने उसके साथ मारपीट की। उसके पति समीर तथा जेठ अली मोहम्मद ने उसे नीचे गिरा कर दबौच लिया। उसकी सास राजदुलारी तथा जेठानी ने उसके मुंह में जबरन गोलियां डाल दी। अगले दिन उसके मुंह से खून निकलने लगा। परिजन उसे अस्पताल ले गए। जहां पर उसका गर्भपात हो गया। पुलिस ने पूनम के पति समीर, सास राजदुलारी, जेठ अल मोहम्मद, जेठानी सकुरी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

## पूंडरी रैली के लिए सौंपी जिम्मेदारी

- 21 को रैली में भाजपा के मंत्री व विधायक भाग लेंगे : अनिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ पूंडरी

भाजपा महिला जिलाध्यक्ष अनिता चौधरी डुलयानी ने 21 जनवरी को अनाज मंडी पूंडरी में होने वाली रैली की सफलता को लेकर अनेक गांवों का दौरा किया। उसके बाद फतेहपुर-पूंडरी में बाजार की दुकानदारों को रैली का न्यौता दिया। गांव फतेहपुर में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कार्यक्त्रम में प्रदेशाध्यक्ष नायब सैनी व शिक्षा मंत्री कंवरपाल गुर्जर, बिप्लब देव प्रदेश प्रभारी, राज्यमंत्री कमलेश ढांडा, केंद्रीय मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर सहित प्रदेश के अनेक मंत्री व करीब 20 विधायक भाग लेंगे। कार्यक्त्रम के दौरान पूंडरी हलके के 54 गांवों के सरपंच, पूंडरी नगरपालिका की चेयरपर्सन, जिला परिषद सदस्य व ब्लाक समिति सदस्यों को विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा।

यह कार्यक्रम बड़ा ही विशाल कार्यक्रम होगा। जिसको लेकर सभी हलका वासियों को निमंत्रण पत्र भी भेजे जा रहे हैं। इस मौके पर उनके साथ प्रमुख समाजसेवी वीएस चौधरी, रसीना के पूर्व सरपंच संजीव कुमार सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों को इस समारोह में बढ़-चढकर भाग लेने का आह्वान किया। इस मौके पर पूंडरी मंडलाध्यक्ष विनोद बंसल, करोड़ा मंडलाध्यक्ष देवीदयाल बरसाना, जोनी मैहला, रगबीर पूंडरी, कृष्ण शर्मा सांच, गोलू, षि व जितेंद्र भी मौजूद थे।



पूंडरी। गांव फतेहपुर में दुकानदारों को रैली का न्यौता देते हुए भाजपा महिला नेत्री अनिता चौधरी डुलयानी। फोटो: हरिभूमि

## प्रदर्शनी में कलाकारों ने प्रतिभा का मनवाया लोहा

- नेशनल आर्टस वर्कशॉप में सौ से ज्यादा कलाकार हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

नेशनल आर्टस वर्कशॉप का रविवार को समापन हुआ। इस अवसर पर अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के अध्यक्ष एवं प्रमुख समाजसेवी डा. राजकुमार गोयल व सिविल हॉस्पिटल जींद से डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला, समाजसेवी कामिनी आशरी ने शिरकत की। इस वर्कशॉप में विभिन्न प्रदेशों से 100 से ज्यादा कलाकारों ने भाग लिया। जिन्होंने अलग-अलग जगहों पर प्रदर्शनी के माध्यम से अपनी कला का प्रदर्शन किया। रविवार को अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के अध्यक्ष एवं प्रमुख समाजसेवी डा. राजकुमार गोयल व सिविल हॉस्पिटल जींद से डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला, कामिनी आशरी ने सभी कलाकारों को सम्मानित किया। इस वर्कशाप में छात्र व छात्राओं द्वारा तैयार की गई पेंटिंग्स की प्रदर्शनी भी लगाई गई।

प्रमुख समाजसेवी डा. राजकुमार गोयल ने कहा कि कला को बढावा देने के लिए जींद जैसे इलाके में जो यह राष्ट्रीय स्तर की आर्टस वर्कशॉप शुरू की गई है। इससे बच्चों को कला के बारे में अच्छी जानकारी सिखने को मिलेगी। इस प्रकार की वर्कशॉप का समय समय पर आयोजन किया जाता रहना चाहिए। डा. राजेश भोला ने कहा आर्ट के परिदृश्य में यह वर्कशाप एक बडी शुरूआत है। इस वर्कशॉप से छात्र छात्राओं को बारीकियां सीखने का मौका मिलेगा।

### बाईं लेन में चलने के लिए वाहन चालकों को किया जागरूक

## गलत लेन में चलने पर 65 वाहन चालकों के किए चालान

- अपने वाहन को निर्धारित गति में अपनी लेन में ही चलाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

जिला पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने व यातायात हादसों से बचाने हेतु गलत लेन में वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ एक अभियान चला कर जहां पुलिस द्वारा चालकों को जागरुक किया गया, वहीं पर लाइन चेंज के 65 वाहन चालकों के चालान काटे गए। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एसपी उपासना द्वारा सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने, वाहनों के सुचारू-रूप से आवागमन हेतू भारी वाहन व गति प्रतिबन्धित (निर्धारित गति सीमा) वाहन के लिए लेन ड्राईविंग (बाँई लेन) निर्धारित करने व बाँई लेन में चलने हेतू वाहन चालकों को जागरूक कर आवश्यक कार्यवाही करने हेतू पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिए गये थे। प्रवक्ता ने बताया कि इस दौरान पुलिस द्वारा वाहन चालकों को जागरुक किया गया कि वाहनों के सुचारू-रूप से आवागमन हेतू यह अनिवार्य है कि हम मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत निर्धारित गति सीमा व बाँई लेन में चले, रॉन्ग साइड में तथा अंडर एज वाले चालक वाहन न चलाएं जिससे सड़क हादसों में कमी लाई जा सके। प्रवक्ता ने बताया कि इस अभियान में जिला पुलिस द्वारा अलग-अलग स्थानों पर आमजनों को यातायात के नियमों के प्रति जागरूक किया गया। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। एसपी ने कहा कि सड़क पर वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करें। जब भी हाईवे या सड़क पर चलाएं तो अपने वाहन को निर्धारित गति में अपनी लेन में ही चलाएं। इससे हादसा होने की संभावना न के बराबर रहती है। अक्सर देखने में आता है कि चालक अपने व्हीकल को एक लाइन से दूसरी लेन में अचानक ले जाते हैं। यह बहुत खतरनाक साबित हो सकता है।

दूसरे वाहन उनसे टकराने की संभावना रहती है। ऐसा करके वह न केवल अपनी बल्कि दूसरे लोगों की जान को भी जोखिम में डालते हैं। यदि किसी वाहन को ओवरटेक करके दूसरी लेन में जाना भी पड़ जाए तो आगे निकलते ही तुरंत अपनी लेन में आ जाएं।

एसपी ने कहा कि यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों का चालान करने के अभियान आगे भी जारी रहेगा।




कैथल। गलत लेन के वाहनों का चालान करते पुलिस कर्मी। फोटो: हरिभूमि

## खबर संक्षेप



जींद। धरना देते हुए चालक।

### खटकड़ टोल पर ट्रक चालकों का धरना जारी

**जींद।** भाजपा की केंद्र सरकार द्वारा हिट एंड रन ड्राइवर विरोधी कानून के रोष स्वरूप ट्रक चालकों द्वारा लगातार धरना दिया जा रहा है। केंद्र सरकार ने ड्राइवरों से बात ना कर उनके आंदोलन को दबाने का प्रयास कर रही है। जबकि ड्राइवर विरोधी कानून संसद में पास हो चुका है। इसी के रोष स्वरूप प्रदेश के कई हिस्सों में ड्राइवरों की हडताल एवं धरने चले हुए हैं। इसी को लेकर खटकड़ टोल पर लगातार धरना दिया जा रहा है।

### डीसी को ज्ञापन सौंपेंगे वरिष्ठ नागरिक

**जींद ।** सेक्टर सात स्थित वरिष्ठ नागरिक भवन में वरिष्ठ नागरिक कल्याण सभा कार्यकारणी की बैठक प्रधान रामफल खर्ब की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें सर्वसम्मति से जनहितैषी कायार्ं पर विचार किया गया व निर्णय लिया गया कि डीसी को इन कायार्ं के लिए ज्ञापन सौंपा जाएगा।

### देवभूमि के लिए रविवार को नि:शुल्क जाएगी बस

**उचाना।** शुक्ल पक्ष के पहले रविवार को देवभूमि बनभौरी माता भ्रामरी मंदिर के लिए मुफ्त बस सेवा जय मां बनभौरी सेवा समिति द्वारा शुरू की गई है। शहर के गीता विद्या मंदिर स्कूल के पास से बस को आप के व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष वीरेंद्र प्रधान, समाज सेवी लाभ काब्रच्छा ने रवाना गया। मंत्रोच्चारण महाराजा अग्रसेन मंदिर पुजारी अशोक शर्मा ने किया।

### पर्यावरण शुद्धि व समृद्धि के लिए हवन किया

**नरवाना।** आर्य समाज नरवाना में पर्यावरण शुद्धि एवं समृद्धि के लिए यज्ञ हवन का आयोजन किया गया। साप्ताहिक सत्संग में धर्मपाल आर्य, यशपाल, किताब सिंह, मीना गर्ग और राजवीर सिंह आर्य ने भजन एगीत एवं विचारों के माध्यम से ईश्वर स्तुति, प्रार्थना, उपासना, महर्षि दयानंद सरस्वती और आर्य समाज का यशोगान किया गया।

### थाना प्रभारी, चौकी इंचार्ज सीआईए इंचार्ज सम्मानित

**जुलाना ।** जुलाना कस्बे के वार्ड दो में गणमान्य लोगों ने जुलाना थाना प्रभारी समरजीत, मंडी चैंकी इंचार्ज अनिल जोल, सीआईए इंचार्ज संदीप सिंधु को सम्मानित किया। जुलाना में जब से थाना प्रभारी समरजीत सिंह, मंडी चैंकी इंजार्च अनिल जोल, सीआईए इंचार्ज संदीप सिंधु ने कार्यभार संभाला है, अपराध पर काफी लगाम लगी है।

### भारत की ऋतु स्थिति सबसे विचित्र : स्वामी रामवेश

**जींद।** महर्षि दयानंद योग चिकित्सा आश्रम में मासिक वैदिक सत्संग का आयोजन स्वामी रामवेश की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अवसर पर पंडित सुरेश चंद्र शास्त्री, विद्यासागर शास्त्री व बिमला आर्या ने भी अपने विचार रखे। स्वामी रामवेश ने भारत की तु स्थिति को विचित्र बताया। दुनिया में भारत ही केवल एक ऐसा देश है जहां छह तुएं निर्बाध काम करती हैं।

# जयघोष के साथ खेड़ा खेमावती में निकाली गई पूजित अक्षत कलश यात्रा

- श्रीराम के जयकारों से गुंजायमान हुआ वातावरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सफीदों

अयोध्या में श्री राम मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर उपमंडल के गांव खेड़ा खेमावती में रविवार को श्रीराम नाम के जयघोष के साथ पूजित अक्षत कलश यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम में बतौर अतिथि विश्व हिंदू परिषद के जिला सचिव प्रमोद गौत्तम, प्रसार प्रमुख सत्यदेव चौबे व पूर्व जिला उपाध्यक्ष संजीव गौत्तम ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुआना प्रखंड अध्यक्ष राम सिंह नंबरदार ने की। पूजित अक्षत कलश यात्रा में बड़ी तादाद में महिलाएं व युवा शामिल हुए। महिलाओं ने कलश अपने सिर पर धारण किए और यात्रा में साथ-साथ चली। यात्रा में मौजूद श्रद्धालु जय श्री राम के जयघोष करते हुए डीजे की मधुर भजनों की धुनों पर झूमते हुए चल रहे थे। इस कार्यक्रम से



जींद। पूजित अक्षत कलश यात्रा में नृत्य करती महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

समूचा खेड़ा खेमावती गांव राममय हो गया। यात्रा के दौरान ने ग्रामीणों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा की व भगवान राम की आरती उतारकर जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं को पूजित अक्षत, श्रीराम मंदिर का चित्र व पत्रक वितरित किया जाएगा। अपने संबोधन में प्रमोद गौत्तम ने कहा के 500 वर्ष के संघर्ष के उपरांत श्रीराम लला अपने निवास में विराजेंगे और यह हमारा परम सौभाग्य है कि हम सब इस अलौकिक दृश्य को अपनी आंखों से देख रहे हैं। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे 22 जनवरी को दीपावली जैसा माहौल बना दें। उन्होंने बताया कि इस दिन पूरे क्षेत्र के हर धार्मिक स्थान पर बड़े-बड़े अनुष्ठान आयोजित किए जा रहे है और हर किसी को इस अनुष्ठानों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। इस मौके पर राम सिंह खेड़ा, भूपेंद्र सिंह, नरेश पांचाल, सतीश पांचाल, विजय भार्गव, सतबीर बीरवाल, शमशेर सिंह, किताबों, नीलम, सविता, टीना, हिमांशी दुर्गा मौजूद थी।

## गांव उझाना में बाबा खाकनाथ के डेरे पर मेले का आयोजन

# मकर संक्रांति पर विधायक ने दी लाखों की सौगात

### गली व खाल निर्माण का उद्घाटन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरवाना

मकर संक्रांति के उपलक्ष्य पर हर वर्ष की तरह इस बार भी गांव उझाना में बाबा खाकनाथ के डेरे पर एक विशाल मेले का आयोजन हुआ। मेले में मुख्य अतिथि के रूप में हल्का विधायक रामनिवास सुरजाखेड़ा ने शिरकत की और 11 लाख रुपए की धनराशि नगद अपने निजी कोष से भेंट की। इससे पहले भी विधायक रामनिवास यहां मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे थे और 11 लाख रुपए की घोषणा की थी जिसे विधायक रामनिवास द्वारा सरकारी ग्रांट से 12 लाख 74 हजार रुपए से आसन वाली गली का निर्माण कर पूरा कर दिया गया था जिसका विधायक रामनिवास ने कार्यक्रम के दौरान उद्घाटन किया। वहीं इसके साथ ही गांव धरौदी में बाबा जमीननाथ गौशाला में आयोजित कार्यक्रम में विधायक रामनिवास ने अपने लगभग 29 लाख रूपए की ग्रांट से बनाई गली व खाल निर्माण का उद्घाटन किया। इसके साथ ही गौशाला समिति के द्वारा विधायक रामनिवास द्वारा अपने निजी कोष से लगभग 22 लाख रुपए की दान राशि का भी शिलापट्ट लगाया गया। विधायक रामनिवास ने धरौदी गौशाला में 31 लाख रुपए की ग्रांट देने की घोषणा की जिसका गौशाला समिति द्वारा कार्य कराया जाएगा। इस प्रकार विधायक रामनिवास द्वारा लगभग 01 करोड़ 20 लाख रुपए की कुल धनराशि गौशाला को दी गई है। इस दौरान जिला पार्षद वीरेंद्र सरपंच सिंगवाल, ज़िला पार्षद प्रतिनिधि रगीराम, गौशाला प्रधान बलवान, सरपंच वेदपाल, सरपंच पिरथी, सरपंच अमित, मंदीप नैन, सतीश उझाना, विजेन्द्र मास्टरएवे, फौजी, विकास गुरूसर, गुरमीत गुरूसर एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।







जींद। गांव धरौदी में बाबा जमीननाथ गोशाला में आयोजित कार्यक्रम में सम्बोधित करते हुए विधायक तथा उद्घाटन करते हुए विधायक रामनिवास सुरजाखेड़ा।

### मकर संक्रांति पर लगाया भंडारा

**उचाना।** शहर की काठ मंडी में दुकानदारों द्वारा आपस में राशि एकत्रित करके 21वें भंडारे का आयोजन किया। प्रसाद के रूप में भंडारे में हलवा, पूरी, सब्जी का प्रसाद दिया गया। लगातार भंडारा मकर संक्रांति के पर्व पर काठ मंडी के दुकानदारों द्वारा लगाया जाता है। दुकानदारों ने कहा कि इस तरह के आयोजन से आपस में भाईचारे की भावना पैदा होती है। 21 साल से निरंतर एक-दूसरे के सहयोग से चंदा राशि एकत्रित करके भंडारा लग रहे है जो भविष्य में भी सभी के सहयोग से जारी रहेगा। इस मौके पर विजय जिंदल, राजेश कोथ, रमेश अमरगढ़, धर्मेंद्र, राजेश, सुरेश गर्ग, बजरंग, पीके, राजेंद्र, कृष्ण मौजूद रहे। गोभक्तों द्वारा मकर संक्रांति के पर्व पर गौशालाओं में लोगों द्वारा गायों को गुड़, हरा चारा डाला गया। गांवों में दादा खेड़ा पर मकर संक्रांति के पर्व पर क्षेत्र की समृद्धि, प्रगति के लिए हवन भी किए गए।



उचाना। पुरानी मंडी में लगा भंडारा। फोटो : हरिभूमि



जींद। अलाव जलाकर पर्व को मनाते हुए। फोटो : हरिभूमि

# हर्षोल्लास से मनाया मकर संक्रांति का पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उचाना

क्षेत्र में मंकर संक्रांति का पर्व हषार्ेंल्लास से मनाया गया। सुबह मकानों के आगे अलाव जला कर पर्व को मनाया गया। अलाव में मूंगफली, रेवड़ी डाल कर मनोकामना पूर्ति की प्रार्थना की। पं. अशोक शर्मा ने कहा कि मकर संक्रांति के पर्व पर अलाव जला कर इसको मनाया जाता है। मान्यता है कि मकर संक्रांति के पर्व के बाद सर्दी कम होने लग जाती है। पवार्ं की शुरूआत भी इस पर्व से होती है। साल का ये पहला पर्व होता है। बाजारों, दुकानदारों ने भी अलाव जला कर पर्व को मनाते हुए एक-दूसरे को बधाई दी। लितानी रोड, रेलवे रोड, अनाज मंडी, पुराना बस स्टैंड पर दुकानदारों ने आपस में रेवड़ी, मूंगफली, गज्जक बांट कर इस पर्व को मनाया। समाज सेवी वीरेंद्र करसिंधु, सुभाष कापड़ो, धीरा शर्मा ने कहा कि हिंदू धर्म में मकर संक्रांति के पर्व का बड़ा महत्व है। इस दिन बहु अपनी सास, जेठानी को मान-सम्मान करते हुए शॉल देती है। ऐसे ही लोग इस दिन दान-पुण्य करते है। मूंगफली, रेवड़ी भी लोग एक-दूसरे को इस दिन बांटते है। ये त्यौहार भाईचारे का प्रतीक है। सब एक जगह अलाव जला कर हाथ सेंकते है।

### मकर संक्रांति पर बुजुर्गों का सम्मान किया

**सफीदों।** गुरू नानक संघ सेवा समिति के तत्वावधान में उपमंडल के गांव मलार के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मकर सक्रांति के मौके पर बुजुगार्ें का सम्मान, रक्तदान शिविर व नि:शुल्क हैल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी देवेंद्र सहरावत ने की और संयोजन श्याम स्वामी ने किया। इस मौके पर बतौर अतिथि कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय से अनिल यादव, पूर्व एसडीएम सत्यवान सांगवान, शिक्षाविद् नरेश सिंह बराड़, पूर्व बीईओ डा. नरेश वर्मा, डा. कर्मबीर यादव, सत्यवान सिंह, पूर्व पालिकाध्यक्ष राकेश जैन, जसबीर पौडिया, राजिंद्र यादव, राजिंद्र सहरावत, सरपंच अजीतपाल सिंह चट्ठा, सुरेंद्र सहरावत, सरपंच प्रमोद कुमार, ईश्वर कौशिक, संदीप सिंह व रणधीर सैनी मौजूद थे।

# नपा तीन गलियों पर खर्च करेगी 30 लाख की राशि

- अलग-अलग वार्डों में होगा गलियों का निर्माण
- गलियों के निर्माण को लेकर टेंडर लगाए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उचाना

नगर पालिका एरिया में विकास कायार्ं की तेजी बढ़ाते हुए नपा द्वारा गलियों का निर्माण कार्य करवाए जा रहा है। नए वर्ष में भी अलग-अलग वाडार्ं में लोगों की मांगों पर गलियों का निर्माण करवाया जा रहा है। तीन गलियों के निर्माण पर 30 लाख रुपये से अधिक की राशि खर्च नपा करेंगी।

इन गलियों के निर्माण को लेकर टेंडर लगाए गए है। निरंतर वाडार्ं में गलियों का निर्माण होने से वाडार्ं के लोगों की गली निर्माण की मांग भी पूरा हो रही है। विकास कार्य को लेकर नपा हाऊस की मीटिंग में पार्षदों द्वारा पारित किए गए गलियों के निर्माण को लेकर प्रस्ताव के बाद निर्माण को लेकर निरंतर टेंडर लगा कर विकास की रफ्तार को बढ़ाने का काम किया जा रहा है।

#### गलियों के निर्माण से होगा फायदा

चंद्र, सुनील, कुलदीप, राजा ने कहा कि नपा के वाडार्ं में कई वार्ड तो ऐसे ही जहां गलियों का निर्माण हुए कई-कई साल हो चुके है। यहां पर गली कम गड्ढे अधिक नजर आते है। ऐसे ही कई वार्ड ऐसे है जहां गली निर्माण ही नहीं हो रहा है। कुछ महीनों से विकास कार्य नपा एरिया में होते नजर आ रहे है। गलियों के निर्माण होने से वार्ड के लोगों के साथ-साथ गलियों से होकर आवागमन करने वालों को फायदा होगा।

#### लगाए गए टेंडर

उचाना नपा सचिव विक्रमजीत ने बताया कि तीन गलियों के निर्माण को लेकर 30 लाख से अधिक राशि के टेंडर लगाए गए है। निरंतर विकास कार्य नपा एरिया में करवाए जा रहे है।

| गली | अनुमानित राशि |
|---|---|
| रजबाहा रोड से वार्ड नंबर 3 में प्रदीप के मकान तक | 1783583 |
| वार्ड 7 में प्रवीण के मकान से प्रदीप कापड़ो के मकान तक | 463337 |
| नरेंद्र के मकान से रामबिलास पटवारी के मकान तक | 849422 |
| कुल राशि | 3096342 |

### विधवा महिलाओं की आर्थिक सहायता जल्द जारी करने की मांग

- सहायता राशि लेने के लिए दो सालों से भटक रही विधवा महिलाएं

**जींद।** स्थानीय कर सलाहाकार एवं पूर्व नगर पार्षद जिले सिंह जागलान ने प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल से अपील की है कि विधवा महिलाओं को दी जाने वाली 20 हजार रुपये आर्थिक सहायता के हजारों आवेदन पिछले लगभग दो वषार्ं से लंबित पड़े हैं। उनकी यह आर्थिक सहायता की राशि जल्द से जल्द जिला मुख्यालयों को जारी की जाए। क्योंकि बीपीएल कार्ड धारक महिलाओं के पति की मृत्यु होने पर जिनकी आयु 60 वर्ष से कम हो, उन्हें अपने बच्चों का पालन पोषण व उनकी शिक्षा खर्च के लिए 20 हजार की अनुदान राशि उपलब्ध करवाई जाती है। परंतू पिछले लगभग दो वर्षो से इन विधवा महिलाओं के इस तरह के हजारों आवेदन जिला मुख्यालयों पर सभी कानूनी प्रक्रिया पूरी करके भी विचाराधीन है लेकिन सरकार द्वारा यह राशि जारी न किए जाने से विधवा महिलाओं में भारी रोष है।

# मुकेश यादगार समिति ने मनाया लोहड़ी का पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरवाना

गत संध्या कस्बे की मिलन पैलेस नरवाना में मुकेश यादगार समिति द्वारा लोहड़ी का महापर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। जिसमें संस्था के सदस्यों ने हिंदी, पंजाबी और हरियाणवी मस्ती भरे गीत गाकर खूब आनंद उठाया। मंच संचालन नरेश अरोड़ा द्वारा पंजाबी चुटकुले और टप्पे सुनाते हुए किया गया। आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में महाराज राम चन्द्र को याद करते हुए सर्वप्रथम संरक्षक डॉक्टर एसके सिंगला और राघव सिंगला ने मेरी चौखट पर चलकर




आज चारों धाम आए हैं गीत गाया जिस पर सभी सदस्यों ने मस्ती के साथ झूमते हुए खूब आनंद लिया। प्रधान अवधेश शर्मा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बताया कि संस्था द्वारा यह पर्व हर साल बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। प्रेस प्रवक्ता गौतम गर्ग ने बताया कि गीतों की श्रृंखला में अवधेश शर्मा ने तुम अगर साथ देने का,गौतम गर्ग ने मेरे सपनों की रानी विशाल मित्रा ने अपुन बोला तू मेरी लैला गीत गाकर सबको आनंदित किया। इस अवसर पर भारत भूषण गर्ग, बलविंदर धीमान, विकास मित्तल, अमरजीत मधोक, घनश्याम अनेजा, डॉ रावल, प्रमोद शर्मा, प्रवीण मित्तल, डॉ आरके सिंगला, सुरेश मित्तल, एसपी राणा, सतबीर शर्मा, राजेश टांक डॉ दलवीर व संस्था के सभी सदस्य उपस्थित रहे।



नरवाना। गायन प्रस्तुति देते हुए तथा लोहड़ी का पर्व मनाते हुए। फोटो : हरिभूमि



जींद। कार्यक्रम में मोनिका शर्मा को सम्मानित करते हुए ब्राह्मण सभा के सदस्य।

### कृषि विभाग की एडीओ को किया सम्मानित

- अन्य युवा भी लें मोनिका शर्मा से प्रेरणा : देवेंद्र शर्मा

**जुलाना।** जुलाना कस्बे की परशुराम धर्मशाला में ब्राह्मण सभा ने मालवी गांव निवासी मोनिका शर्मा को सम्मानित किया गया। इस मौके पर धर्मशाला में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्राह्मण सभा के प्रधान देवेंद्र शर्मा ने की। लोगों को संबोधित करते हुए देवेंद्र शर्मा ने कहा कि मोनिका शर्मा ने ग्रामीण आंचल में शिक्षा ग्रहण करते हुए अपने मुकाम तक पहुंची है। मोनिका ने सरकारी स्कूल में शिक्षा ग्रहण की। अन्य युवाओं को भी मोनिका से प्रेरणा लेकर शिक्षा के क्षेत्र में मेहनत करनी चाहिए। मोनिका शर्मा ने कहा कि वो किसानों से जुड़े विभाग में नौकरी कर रही है। वो गरीब किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए किसानों को लगातार जागरूक करेंगी। मोनिका के पिता एक किसान है। उन्हीं से प्रेरणा लेकर उसने कृषि विभाग में नौकरी करने का फैसला किया है। मोनिका ने 12वीं कक्षा में रोहतक जिलें में प्रथम स्थान किया।

## मकर संक्रांति के अवसर पर श्रद्धालुओं की बस को किया रवाना

# तीर्थ यात्रियों के लिए मुफ्त बस सेवा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सफीदों

मकर संक्रांति के अवसर पर जसबीर देशवाल युवा क्लब ने तीर्थ यात्रियों के लिए निशुल्क बस सेवा का शुभारंभ किया। पूर्व विधायक जसबीर देशवाल ने बस को हरी झंडी दिखा कर तीर्थ स्थानों के लिए रवाना किया। इस सुविधा के जरिए हलके के श्रद्धालुओं को मुफ्त धार्मिक स्थलों के दर्शन कराए जाएंगे। जसबीर देशवाल ने कहा कि जो बुजुर्ग पैसे के अभाव में तीर्थ स्थलों के दर्शन नहीं कर पाते है। खास तौर पर उनके लिए निशुल्क बस सेवा शुरू की गई है। युवा क्लब के अध्यक्ष जितेंद्र देशवाल ने कहा कि समाज में बुजुर्ग का स्थान धरोहर के समान होता है जिनका ख्याल रखना हर युवा का कर्तव्य है। अब धन के अभाव में बुजुर्ग श्रद्धालु तीर्थ यात्रा से वंचित नहीं रह सकेंगे। निशुल्क बस के माध्यम से श्रद्धालु सरल और सुगम यात्रा का लाभ उठा कर तीर्थ स्थानों के दर्शन कर पायेंगे। उन्होंने कहा कि मुफ्त यात्रा का लाभ उठाने के लिए श्रद्धालु शंकर भवन कार्यालय में संपर्क करके पंजीकरण करा सकते हैं। जितेंद्र देशवाल ने कहा कि युवा क्लब समाज के हर क्षेत्र में सेवा करने के लिए वचनबद्ध है। बीमार लोगों को सही समय पर अस्पताल पहुंचाने के लिए निशुल्क एम्बुलेंस सेवा पिछले पांच वर्षोंर् से सफलतापूर्वक काम कर रही है। युवा क्लब के पेंशन सेवा केंद्र से हजारों बुजुर्ग और जरूरतमंद लाभ उठा चुके है। युवाओं को देश विदेश में सबसे ‘यादा रोजगार देकर उनका भविष्य संवारने का काम किया है।




सफीदों। श्रद्धालुओं की बस को हरी झंडी दिखा कर रवाना करते हुए पूर्व विधायक जसबीर देशवाल।

#### ये रहे शामिल

इस मौके पर पूर्व विधायक जसबीर देशवाल के पैतृक गांव अंटा में हवन पूजन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में रणबीर देशवाल, जोगिंदर पहलवान, तेलूराम देशवाल, अनुदीप, गौरव, नरेंद्र, राम जुहारी, सोमबीर, बिट्टू रिटौली, राजेंद्र, ओमप्रकाश, राजेंद्र, अजीत, सुरेंद्र, कुलबीर इत्यादि ने शिरकत की।

# गोमाता की सेवा हमारा परम धर्म : नवीन

- हिंदू धर्म में गाय को गोमाता का दर्जा प्राप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

नौगामा खाप के गांव ढाणी में मकर संक्रांति के अवसर पर सुखदेव मुनि गोशाला में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गोशाला प्रबंधक हवा सिंह के नेतृत्व में हुए कार्यक्रम में राजनीतिक दलों, सामाजिक संस्थाओं से जुड़े काफी संख्या में लोग पहुंचे।

मुख्यातिथि के तौर पर जुलाना से कांग्रेस युवा नेता एवं समाजसेवी नवीन सांगवान, भाजपा जिला महामंत्री एवं नगर परिषद चेयरपर्सन प्रतिनिधि डा. राज सैनी, ओमप्रकाश जागलान, सुरेश ढुल उर्फ पप्पू, उद्योगपति रोहताश ढुल, जगबहादुर सैनी ने शिरकत की। नवीन सांगवान ने गोशाला के लिए 2.51 लाख रुपये दान दिए। इस दौरान नवीन सांगवान ने कहा कि हिंदू धर्म में गाय को गोमाता का दर्जा है। गोमाता की सेवा हमारा परम धर्म है। अगर कोई किन्हीं कारणों से घर पर गाय नहीं रख सकता है, तो अपने सामार्थ्य के अनुसार गोशालाओं में दान करें। इसके लिए चारा, अनाजए गुड़ देने के साथ आर्थिक रूप से भी मदद कर सकते हैं। अगर हम ऐसा करते हैं तो सड़कों पर बेसहारा पशु नहीं दिखाई देंगे। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुआ। जिसमें हरियाणवी कलाकारों ने रागनियों के माध्यम से गो सेवा का आह्वान किया।



जींद। कार्यक्रम में समाजसेवी नवीन सांगवान को स्मृति चिन्ह देते हुए।

## खबर संक्षेप

### मकर संक्रांति का पर्व धूमधाम से मनाया

**राजौंद।** नगर में रविवार को मकर संक्रांति का पर्व धूमधाम से मनाया गया। हालांकि कुछ लोग कल भी मकर संक्रांति मनाएंगे। लोगों ने जहां दान पुण्य करके इस पर्व को मनाया। वहीं इस पर्व पर लोगों ने मंदिरों में पहुंचकर मकर संक्रांति के पर्व पर भगवान से प्रार्थना कर घर की सुख शांति की कामना भी की। नगर में सुबह से ही लोग मंदिरों में पहुंचे और भगवान से प्रार्थना करते हुए नगर में सुख शांति की प्रार्थना की।

### बिना बताए घर से गई युवती लापता

**कैथल।** शहर की एक कॉलोनी से 18 वर्षीय युवती बिना बताए घर से चली गई। पुलिस ने लापता का केस दर्ज कर लिया है। एक युवक ने पुलिस को शिकायत दी कि 11 जनवरी को दोपहर के समय उसकी 18 वर्षीय बहन बिना बताए घर से चली गई। वह अभी तक वापस नहीं लौटी है। जांच अधिकारी कुलदीप ने बताया कि पुलिस ने लापता का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### इनेलो की हलका स्तरीय बैठक 17 को

**गुहला-चीका।** इनेलो की हलका स्तरीय एक बैठक 17 को भवानी मंदिर चीका में बुलाई गई है। उक्त जानकारी देते हुए इनैलो हलका प्रधान डाक्टर साहब सिंह संधू ने बताया कि बैठक की अध्यक्षतता हलका प्रभारी ईश्वर मैहला करेंगे। उन्होंने बताया कि बैठक में 2024 में होने वाले लोकसभा व विधानसभा चुनावों बारे कार्यकताअरं से सलाह-मश्वरा करेंगे।

### भगवान कपिलमुनि को पंचामृत स्नान करवाया

**कलायत।** कलायत में मकर संक्रांति अवसर पर सांख्य दर्शन प्रवर्तक भगवान कपिल मुनि का प्राचीन काल से चली आ रही रिवायत से पंचामृत स्नान करवाया गया। इस कार्यक्रम को लेकर महिलाओं, बड़े-बुजुर्गों और बच्चों में भारी उत्साह देखने को मिला। सुबह से ही प्राचीन श्री कपिल मुनि धाम परिसर में श्रद्धालु पहुंचे।

### बस न रुकने से कॉलोनीवासी परेशान

**राजौंद।** नगर के जींद रोड पर इंदिरा आवास कॉलोनी के लोगों को बस न रुकने से सर्दी के इस मौसम में भारी परेशानी झेलने को मजबूर होना पड़ रहा है। आलम यह है कि कालोनी के लोगों को डेढ़ से 2 किलोमीटर तक मुख्य मार्ग से फिर घर वापस जाने को विवश होना पड़ता है। बस के परिचालक को कहने के बावजूद भी वहां बस नहीं रोकी जाती।

### गरीब लोगों में बस्ता है भगवानः नीलम सिंगला

**गुहला-चीका।** एंटी क्रप्शन सोशल वैल्फेयर एसोसिएशन के स्टेट चेयरमैन एवं शहर के प्रमुख समाजसेवी नीलम सिंगला ने कहा है कि यूं तो भगवान सभी में बस्ता है। परंतु गरीबों की मदद करके भगवान को सीधा महसूस किया जा सकता है। सिंगला आज यहां जरूरतमंद स्कूली बच्चियों व गरीब लोगों को गर्म वस्त्र वितरित करते हुए पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

---

### राम ध्वज यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने फूलों की वर्षा की

# रामकथा के आरंभ में अखिल भारतीय हिंदू महासंघ ने निकाली ध्वज यात्रा

सनातन धर्म मंदिर के प्रधान रविभूषण गर्ग ने हरी झंडी दिखाकर राम ध्वज यात्रा को किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

मकर संक्रांति के दिन श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा जो की 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में राम मन्दिर में होने जा प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के उपलक्ष में कैथल में श्री राम कथा के आरंभ होने से पहले एक विशाल राम ध्वज यात्रा निकाली गई। यह यात्रा सनातन धर्म मंदिर से प्रारंभ होकर कैथल शहर के विभिन्न बाजारों से होती हुई रेलवे गेट, छात्रावास रोड , पिहोवा चौक ,पार्क रोड होती हुई सनातन धर्म पहुंची। यात्रा को झंडी रवि भूषण गर्ग प्रधान सनातन धर्म मंदिर ने दिखाई। यात्रा में बैंड बाजे के साथ घोड़ा बग्गी पर कथा वाचक मधुर प्रिया शरण महराज विराजमान थे। यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर यात्रियों के लिए सुंदर व्यवस्था की गई। कई जगह पर फूलों की वर्षा हुई, ऐसा लग रहा था की संपूर्ण वातावरण राममय हो गया। ज्ञात रहे यह श्री राम कथा जो की सनातन धर्म मंदिर में आज 14 जनवरी से प्रारंभ होकर 22 जनवरी तक चलेगी उसी



कैथल। राम ध्वज यात्रा निकालते अखिल भारतीय हिंदु महासंघ व अन्य पदाधिकारी

दिन कथा की समाप्ति पर विशाल भंडारा होगा तथा दोपहर बाद दीपावली मनाई जाएगी। इस यात्रा में यात्रियों ने राम ध्वज उठाकर भगवा पटेका पहन के सुंदर-सुंदर वस्त्र धारण किए हुए थे। अखिल भारतीय हिंदू महासंघ के चैयरमैन सतपाल गुप्ता ने विशेष तौर पर भारतीय वेशभूषा धारण की हुई थी। उन्होंने कैथल शहर के सभी नागरिकों से अपील की कि वह प्रतिदिन 2:30 बजे आज से 22 जनवरी तक सनातन मंदिर में आकर राम कथा का आनंद लें तथा शाम को 6:00 बजे विधि विधान से आरती की जाएगी। शोभा यात्रा में श्री सोमदत्त शर्मा, सतपाल मंगल, पवन शर्मा, प्रदीप शर्मा , चंदर प्रकाश शर्मा, नरेश गर्ग, धर्मपाल, सुरेश, सुरेंद्र अरोड़ा राजेंद्र शर्मा, लाजपत राय सिंगला,भगवान दत्त शर्मा, ज्ञानचंद भल्ला जगदीश कटारिया राम करण, आई डी अरोड़ा, रामभगत शर्मा,रमेश गोयल, नवीन सैनी, सुरेश बंसल, जितेंद्र बंसल, दलीप कुमार, अजय कुमार तथा बहन राजेश देवी सिंगल महिला प्रधान आदि ने भाग लिया।


गुहला-चीका। पत्रकारों से बातचीत करते हुए बलदेव बाल्मीकि।

### 22 को पूरे देश में झूमेंगे राम भक्तः बलदेव बाल्मीकि

**गुहला-चीका।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व भगवान राम संकल्प यात्रा के संयोजक बलदेव बाल्मीकि नरवाना ने कहा है कि अयोध्या में बनाए गए राम मंदिर को लेकर राम भक्तों में भारी उत्साह व खुशी दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि लोग बेसब्री से 22 जनवरी की तारीख का इंतजार कर रहे हैं क्योंकि भारत के 140 करोड़ राम भक्तों के दिल की मुराद जो पूरी होने जा रही है। बाल्मीकि आज यहां पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 22 को एक तरफ जहां यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी साधु व संतों तथा देश भर से आने वाले राम भक्तों के साथ मंदिर का शिलान्यास करेंगे, वहीं दूसरी तरफ देश के कोने कोने में भगवान राम के नाम के साथ लोग झूमेंगे और लंगर लगाएंगे। उन्होंने कहा कि उस दिन राम ध्वजा घर घर में फहराई जाएगी, जिसकी गूंज समूचे विश्व में सुनाई देगी। बाल्मीकि ने कहा कि भाजपा ने मंदिर के निर्माण को लेकर जनता से किए गए वादे को पूरा कर दिखाया है। बलदेव बाल्मीकि ने कहा कि भाजपा केन्द्र व प्रदेश में समुचित विकास कार्य भी करवा रही है।

---


कैथल। राजौंद में विजेता टीम के साथ मुख्य अतिथियों के साथ आयोजक।

# क्रिकेट प्रतियोगिता में रोहेड़ा की टीम विजयी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

गांव रोहेडा के राजीव गांधी खेल स्टेडियम में दो दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें फाइनल मैच रोहेड़ा व राजौंद के बीच हुआ। इसमें रोहेड़ा की टीम ने विजय हासिल करते हुए ट्रॉफी पर कब्जा लिया। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे जिला परिषद चेयरमैन दीप मलिक के भाई अमित मलिक व पूर्व ब्लाक समिति सदस्य सुनील कुंडू रोहेड़ा ने शिरकत की। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों से रूबरू होते हुए कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए खेल में हार व जीत कोई मायने नहीं रखती यही एक अच्छे खिलाड़ी की पहचान होती हैं। दोनों मुख्य अतिथियों ने नकद राशि देते हुए दोनों टीमों को शुभकामनाएं दी और भविष्य में और भी अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता के आयोजक ब्लॉक समिति सदस्य राकेश उर्फ शीलू ने बताया कि यह प्रतियोगिता दो दिन तक जारी रही। जिसमें आसपास के जिले के अलावा अन्य राज्यों से 24 टीमों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि फाइनलमें रोहेड़ा विजय प्राप्त कर पहला इनाम 15000 रुपए जीता।

### प्रदेश में युवाओं के साथ बहुत बड़ा विश्वासघात किया जा रहा है : सोनू

**पूंडरी।** इनैलो पार्टी के प्रदेश युवा प्रधान महासचिव सोनू शर्मा संगरौली ने कहा कि प्रदेश में युवाओं के साथ बहुत बड़ा विश्वासघात किया जा रहा है। सोनू शर्मा गत दिवस दिल्ली में इनैलो छात्र संगठन के राष्ट्रीय प्रभारी अर्जुन सिंह चौटाला से मिलने के पश्चात आज यहां पूंडरी कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार की कुनीतियों की वजह से प्रदेश आज बेरोजगारी में नंबर 1 पर पहुंच गया है। युवाओं को रोजगार देने के नाम पर बरगलाया जा रहा है। सरकार अपने चहेते लोगों को नौकरियां देने के लिए हरियाणा कौशल के माध्यम से बैकडोर एंट्री कर रही है। इनैलो सरकार बनने पर युवाओं को उचित मान सम्मान प्रदान किया जाएगा तथा योग्यतानुसार घर-घर मे रोजगार दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा-जजपा सरकार पर निशाना साधा तथा युवाओं को इनैलो से जुड़ने का आह्वान किया। इस मौके पर उनके साथ अनेक कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

---

# ब्यूटी पार्लर के बारे में दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत चल रहे विशेष 7 दिवसीय शिविर में रविवार को मैडम रूपा शर्मा ने बच्चों को ब्यूटी पार्लर के महत्व बारे में बताया। उन्होंने बताया कि एक सामान्य शकल वाला व्यक्ति भी ब्यूटी पार्लर की वजह से अपना विशेष चेहरा प्राप्त कर सकता है। सुंदरता हर तरफ सराही जाती है आदमी सुंदरता के लिए कोई भी कीमत देने को तैयार है। अर्थात इस ब्यूटी पार्लर का कार्य अपनाकर कोई भी व्यक्ति अच्छे पैसे कमा सकता है आने वाले समय में इसका आकर्षन और 'यादा बनने वाला है। उन्होंने इसके साथ.साथ व्यक्तित्व के विकास पर भी जोर दिया कि हमारा जो व्यक्ति बाहर से ही नहीं अंदर से भी सुदृढ़ होना चाहिए। इसके


कैथल। सात दिवसीय शिविर में रविवार को मैडम रूपा शर्मा ने बच्चों को ब्यूटी पार्लर के बारे में दी जानकारी।

साथ.साथ उन्होंने कम्युनिकेशन स्किल्स के बारे में बच्चों को बताया कि किस प्रकार से एक अच्छे कम्युनिकेशन के द्वारा हम अपनी पहचान अपना रुतबा अपनी बात को दूसरों के सामने प्रभावशाली ढंग से रख सकते हैं। उन्होंने अपने प्रदर्शन द्वारा एक सामान्य सी लड़की को बहुत सुंदर लड़की के रूप में तब्दील करके बच्चों को दिखाया। ने अपने संबोधन में एनएसएस के बारे में विस्तार से बताया और स्वच्छता के ऊपर भी अपने विचार रखें। खंड शिक्षा अधिकारी सीवन सुरेश कैंदल ने बच्चों से अपने जीवन के अनुभव साझा किया।

### प्रेम भाईचारे का प्रतीक लोहड़ी का त्योहार

**सीवन ।** सौहार्द, प्रेम और भाईचारे का त्योहार लोहड़ी क्षेत्र में बड़े हर्ष व उल्लास के साथ मनाया गया। दिन में बच्चों की टोलियां गलियों में बाजारों में लोहड़ी के गीत गा कर लोहड़ी मांगती नजर आई। शाम के समय गली मोहल्लों में और चौकों में लोहड़ी जलाने का सिलसिला आरंभ हो गया। डीएवी कालोनी में सभी परिवारों ने एकत्र होकर लोहड़ी मनाई। इस अवसर राज कुमार सरदाना, संजय सरदाना, सुधीर मिढा, मोनू तनेजा, अदिति मिढा, महक, वीना तनेजा, मीनू मिढा, ओम प्रकाश मुटरेजा लोहड़ी माता की अर्चना की और रेवड़ी, गज्जक, मूंगफली, मिठाई बांट कर खुशी मनाई। नगर के शांति मोहल्ला में भी अभिषेक मेहता, राहुल कक्कड़, पवन मुटरेजा, रोशन, राज कुमार व आस पड़ोस के लोगों ने एकत्र होकर लोहड़ी जलाई ।

# नशा न करने बारे किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

पुलिस टीम द्वारा कैथल जिले में आमजन को नशे के दुष्परिणामों बारे लगातार जागरूक किया जा रहा है। इसी मुहिम तहत जागरूकता टीम में शामिल इंस्पेक्टर सतीश कुमार, पीएसआई रामलाल, एचसी सुखबीर सिंह, एचसी सुनील कुमार व चालक संजय दत्त की टीम द्वारा पूंडरी में विकसित भारत संकल्प यात्रा दौरान आमजन को तथा कृषि कालेज कौल में विद्यार्थियों को नशा ना करने बारे जागरूक किया गया। डीएसपी कुलदीप बेनीवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस टीम द्वारा लगातार आमजन को अवगत करवाया जा रहा है कि नशा किसी भी व्यक्ति के लिए किसी प्रकार से हितकारी नहीं हो सकता। नशा करने वाले व्यक्ति को समाज


कैथल। गांव कौल में नशा न करने बारे जागरूक करते पुलिस कर्मचारी

हीनता की दृष्टि से देखता है। इसलिए किसी को किसी प्रकार के नशे की लत में नहीं पड़ना चाहिए। विद्यार्थी वर्ग को पढाई व खेलों में ध्यान लगाकर मेहनत करके राष्ट्र निर्माण में योगदान करना चाहिए। पुलिस विभाग द्वारा नशा करना वाले व्यक्तियों की भी काउंसलिंग करवाई जा रही है। पुलिस द्वारा उनका नशे छुड़वाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। इसके अतिरिक्त नशा तस्करों पर भी पुलिस द्वारा शिकंजा कसा जा रहा है, परंतु इस मुहीम में जन सहयोग आवश्यक है।

पुलिस द्वारा चलाई जा रही इस मुहिम के सार्थक परिणाम सामने आ रहे है, जिससे प्रभावित होकर नशे से पीड़ित व्यक्ति इस लत को छोड़ रहे हैं।

---


कैथल। पूंडरी गोशाला में गोवंश की सेवा करते हुए पूर्व विधायक तेजवीर सिंह।

### पूर्व विधायक तेजवीर ने गोशाला में गोवंश की सेवा की

**पूंडरी।** पूंडरी की श्री जयराम आदर्श गोशाला में जाकर पूर्व विधायक तेजवीर सिंह ने कार्यकर्ताओं के साथ जाकर गोवंश की सेवा की। मकर संक्रांति के मौके पर गोशाला में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि आदि सनातन संस्कृति में मकर संक्रांति का विशेष महत्व होता है। इस दिन तीर्थ, नदी, बावड़ी में किया गए स्नान और किसी भी प्रकार की की गई प्राणी सेवा का कई गुणा फल प्राप्त होता है। गोवंश खासकर गाय में 33 कोटी देवी-देवता निवास करते है। गाय अगर ये कहे कि जीप दायनी होती है तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। जब किसी छोटे बच्चे को माता का दूध नहीं दे सकते है तो उसे गाय माता का दुध पिलाया जाता है। क्योंकि जीवन देने वाले गाय माता के दूध में सभी पोषक तत्व होते है। इस मौके पर गोशाला प्रधान ओमप्रकाश गोलन, रामप्रकाश गोगी, पूर्व चेयरमैन चमेल सिंह बरसाना, लाला धर्मपाल, बलबीर फौजी, सतबीर नंबरदार व अमन गोलन पूंडरी भी मौजूद थे।

# विकास कार्य शीघ्र पूरा कराएं अधिकारी

- नप कार्यालय में विधायक ने अधिकारियों के साथ की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीवन

हलका गुहला विधायक ईश्वर सिंह ने सीवन के नगरपालिका कार्यालय में अधिकारियों की बैठक ली और विकास कायारें की समीक्षा की। इससे पूर्व उन्होंने सी.एम.ओ. कैथल डा. रेनू चावला व एस.एम.ओ. सीवन डा. बलविन्द्र गर्ग के साथ सीवन में सरकारी अस्पताल को शि ट करने के लिए भवन का निरीक्षण किया। इस अवसर पर विधायक ईश्वर सिंह ने कहा कि नगर के विकास के लिए वह कृतसंकल्प हैं और किसी भी प्रकार से कोई कोर


कैथल। सीवन में लोगों की समस्याएं सुनते हलका गुहला विधायक ईश्वर सिंह

कसर नहीं छोड़ी जाएगी। सीवन के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन को जल्द ही शिफ्ट किया जाएगा और पुराने भवन को गिरा कर वहां पर नया अस्पताल बनाया जाएगा। इसका कार्य बहुत ही जल्द आरंभ होगा। उन्होंने कहा कि सीवन की फिरनी का कार्य भी आरंभ होने जा रहा है। कैथल पटियाला मु य मार्ग से सोसायटी बैंक, पटवार भवन होते हुए आगे की सड़क का निर्माण इसमें करवाया जाएगा।


कैथल। पूंडरी मकर संक्त्रांति के मौके पर आयोजित हवन में आहुति डालते हुए।

### पर्यावरण संरक्षण मंच ने मकर संक्रांति के अवसर पर हुड्डा पार्क में यज्ञ का आयोजन किया गया

**पूंडरी।** मकर संक्त्रांति के शुभ अवसर पर पर्यावरण एवं संस्कृति संरक्षण मंच पूंडरी द्वारा हुड्डा के दयानंद पार्क में यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य यजमान के रूप में सुभाष चंद्र कोच ने भाग लिया। मंच के प्रधान अनिल आर्य ने कहा कि मकर संक्त्रांति के पर्व का भारतीय संस्कृति में विशेष महत्व है। इस दिन सूर्य देव धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करते हैं। इस दिन सूर्य देव की पूजा का प्रावधान भी है, जो कि हमारे प्रत्यक्ष देवता है। वैदिक मंत्रों द्वारा सूर्य देव की उपासना हेतु यज्ञ में आहुतियां प्रदान की गई। यज्ञ के पश्चात कॉलोनी के वरिष्ठ साथी धनपत को मंच द्वारा शाल भेंट कर सम्मानित किया गया। धनपत आर्य ने अपने पूरे जीवन भर नियमित रूप से हवन यज्ञ किया।

---




### यदुवंशी शिक्षा निकेतन के स्थापना दिवस पर भव्य कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**महेंद्रगढ़।** यदुवंशी शिक्षा निकेतन के 29वें स्थापना दिवस पर आयोजित भव्य समारोह का आयोजन रविवार को मकर संक्रांति के पार्वन पर्व पर नई अनाज मंडी चरखी दादरी में बडे ही हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में पूर्व राज्यपाल एवं प्रसिद्ध भारतीय राजनीतिज्ञ सत्यपाल सिंह मलिक मुख्यातिथि तथा सूरजगढ़ विधायक श्रवण कुमार व गौरव अग्रवाल ने अध्यक्ष के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के आगे दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह की परंपरानुसार सभी आगंतुकों का टोपी पहनाकर एवं बैज लगाकर स्वागत किया। सर्वप्रथम सरस्वती वंदना ने कार्यक्रम को गति प्रदान कर स्वागत गीत के माध्यम से उपस्थित अतिथियों व आगंतुकों का अभिनंदन किया। कार्यक्रम में हरियाणवीं नृत्य ने हरियाणी संस्कृति की याद दिलाई। समारोह में हरियाणवी समूह नृत्य में छात्राएं ने अपनी-अपनी अनेक प्रस्तुतियां दी। इसके अलावा हरियाणवीं ग्रुप डांस ने खूब तालियां बटौरी। भक्त संगीत में शिव तांडव, मेरे घर राम आए तथा श्रीराम अयोध्या ने वातावरण को भक्तिमय बनाया। पूर्व राज्यपाल एवं प्रसिद्ध भारतीय राजनीतिज्ञ सत्यपाल सिंह मलिक ने सभी को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं देते हुए बधाई दी।

### कबड्डी में सुरमि की टीम ने मारी बाजी

**कैथल ।** गांव खेड़ी रायवाली में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि जिला पार्षद प्रतिनिधि विकास तंवर थे। प्रतियोगिता में 13 गांवों दयोरा, खेडी रायवाली,बंदराना, रसूलपुर, बेगपुर, थाना, क्योड़क, सुरमि, काकौत, धोंस, कठवाड, ककराला व टीक सहित 16 टीमों ने भाग लिया। सभी खिलाड़ियों ने जीत के लिए पूरा दमखम दिखाया। प्रतियोगिता में सुरमि की टीम प्रथम तथा काकौत की द्वितीय रही। मुख्य अतिथि विकास तंवर ने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर कबड्डी कोच जसबीर क्योडक, ऋषिपाल दयौरा, नरेश टीक, सोनू रायखेडी, बल्ली खेडी, रोशन लाल पंवार समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष कार्यकर्ताओं से हुए रूबरू

# हरियाणा में बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था : गज्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष सरदार गज्जन सिंह गोबिंदपुरा ने गठबंधन सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था के कारण हरियाणा के हालात दिन प्रतिदिन खराब होते जा रहे हैं। हरियाणा में स्वास्थ्य व्यवस्था पर खट्टर सरकार का कोई ध्यान नहीं है। हरियाणा में भाजपा सरकार पूरे तरह से विफल हो चुकी है। जिलाध्यक्ष गज्जन गोबिंदपुरा आज आम आदमी पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं से रू-ब-रू होने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।


कैथल। आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष स. गज्जन सिंह गोबिंदपुरा पत्रकारों से बातचीत करते हुए

उन्होंने हरियाणा सरकार से डॉक्टर्स के खाली पड़े 50 प्रतिशत से ज्यादा पदों को भरने, अस्पतालों में मशीनों के प्रबंध और अस्पतालों के जर्जर हो चुके भवनों को ठीक करवाने की मांग की।

उन्होंने कहा कि हरियाणा के गृह और स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज के अपने क्षेत्र में सरकारी अस्पताल की लापरवाही का एक बड़ा मामला सामने आया, जिसने इंसानियत को शर्मसार कर दिया है। एक महिला ने सरकारी अस्पताल की लापरवाही के चलते अस्पताल के गेट के बाहर ही सब्जी की रेहड़ी पर ही बच्चे को जन्म दे दिया।

### हर मोर्चे पर विफल है भाजपा सरकार

ये हाल स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज के गृह जिले का है, सोचो पूरे हरियाणा का क्या हाल होगा। कुछ दिनों पहले दादरी में बिजली नहीं होने से मोबाइल की टॉर्च में महिला की डिलीवरी करनी पड़ी। जिलाध्यक्ष गोबिंदपुरा ने कहा कि हरियाणा में स्वास्थ्य सेवाओं के लिए बेहतर सुविधाएं नहीं है। अस्पतालों में सही व्यवस्थाएं न होने के कारण नर्सें भी हड़ताल पर रही और डॉक्टर भी सडकों पर उतर चुके हैं। बड़े-बड़े अस्पतालों में भी मशीनें नहीं हैं। सरकारी अस्पतालों की हालत इतनी बुरी है कि एक बेड पर तीन-तीन मरीजों का इलाज हो रहा है। इसके अलावा अस्पतालों में न बिजली, न डॉक्टर और न दवाइयां हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा में स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से ठप पड़ा है कोई भी काम नहीं हो रहा। स्वास्थ्य विभाग की लगभग 850 से ज्यादा फाइलें धूल फांक रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी 2015 में एम्स की घोषणा कर कर गए थे। लेकिन भाजपा वाले आज तक उसका शिलान्यास तक नहीं करवा पाए। भाजपा सरकार ने हरियाणा में 500 जन औषधि केंद्र खोलने की बात कही थी, लेकिन केवल 93 खोले ।

## खबर संक्षेप



### दो नशा तस्कर 5.90 ग्राम हेरोइन सहित काबू

**कैथल।** नशा मुक्त हरियाणा मुहिम तहत कार्रवाई दौरान नशा तस्करों की धरपकड के लिए एसपी उपासना के निदेर्शानुसार चलाई जा रही मुहिम तहत शनिवार को एंटी नारकोटिक सैल द्वारा रामथली से 2 नशा तस्करो को काबू कर लिया गया। जिनके कब्जे से 5.90 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एंटी नारकोटिक सैल के एएसआई मंजीत सिंह की टीम शाम के समय गश्त दौरान रामथली बस अड्डा के पास मौजूद थी।

### ग्रामीणों ने निर्माण एजेंसी पर घोटाले के आरोप लगाए

**कैथल।** गांव खरक पांडवा में मेरा पानी मेरी विरासत स्कीम के तहत रिचार्ज बोर लगने में घटिया सामग्री के प्रयोग को लेकर ग्रामीणों में रोष है। ग्रामीणों ने इसके विरोध्या में सीएम को पत्र लिखकर इसकी जांच की मांग की है। बता दें कि सिचाई विभाग कैथल ने वर्ष 2021-22 के दौरान लगभग डेढ करोड रुपए के टेंडर किये जो किसानों को बाढ़ से बचाने के लिए बी.जे.पी. सरकार ने अच्छी पहल की थी लेकिन अधिकारियों ने दी स्वामी जी एल.सी सोसाईटी के साथ मिलकर मोटा घोटाला कर दिखाया। विभाग द्वारा एस्टीमेट में बोर के अंदर जो पाइप डालने थे वह स्टील के थे।

### किसी भी सरकार ने नहीं ली गोशालाओं की सुध

**उचाना।** छातर गांव की गोशाला में मकर संक्रांति के पर्व पर आयोजित कार्यक्रम में आम आदमी पार्टी के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा पहुंचे। यहां पहुंचने पर उनका जोरदार स्वागत ग्रामीणों ने किया। अनुराग ढांडा ने कहा कि आज गौशालाओं में इसलिए चंदा की जरूरत पड़ती है।

### विरोधियों के चक्रव्यूह को तोड़ आगे बढ़ते रहेंगे दुष्यंत

**उचाना।** ब्लॉक समिति पूर्व चेयरपर्सन एवं जेजेपी नेत्री सतीशो देवी ने कहा कि राजनीति में निरंतर ताऊ देवीलाल के पड़पौत्र डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला आगे बढ़ रहे है। आज उनको उचाना में घेरने के लिए कांग्रेस, इनेलो सहित अन्य राजनीति दलों के नेता षड़यंत्र रच रहे है। इन नेताओं को राजनीति डर है कि दुष्यंत चौटाला को आगे बढ़ने से नहीं रोका तो इनकी राजनीति जो वो मिलकर कर रहे है।

### मनरेगा मेट राजेश कुमार को सम्मानित किया

**जींद।** गांव जलालपुर कलां के मनरेगा मजदूरों ने गांव के मनरेगा मेट राजेश कुमार को मकर सक्रांति के अवसर पर सम्मानित किया। मेट राजेश कुमार ने बताया कि यह पहला मौका है जब किसी गांव के मनरेगा मजदूरों ने मिल कर मनरेगा मेट को सम्मानित किया है। मनरेगा मजदूरों ने बताया कि मेट राजेश कुमार हर दुखसुख में उनके साथ खड़े रहते हैं और किसी भी मजदूर के साथ कोई भेदभाव नहीं करते हैं। वह मनरेगा मजदूरों की आवाज बने हैं।

# शौचमुक्त भारत अभियान को ठेंगा दिखा रहे नरवाना में बने 'सार्वजनिक शौचालय'

- सफाई नहीं, सार्वजनिक शौचालयों में फैली गंदगी से बुरा हाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना







**नरवाना।** शहर में बने सार्वजनिक शौचालयों के बदतर हालात। फोटो :हरिभूमि

एक तरफ सरकार खुले में शौच से मुक्ति दिलाने के लिए पानी की तरह पैसा बहा रही है। सरकार लोगों को शौचालय बनाने के लिए राशि देकर प्रोत्साहित कर रही है। वहीं दूसरी तरफ लाखों रुपये की लागत से बने शौचालय अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहे हैं। इतना ही नहीं निर्माण होने के बाद इन सार्वजनिक शौचालयों के रखरखाव के लिए भी हर माह पैसा खर्च किया जाता हैएलेकिन शौचालयों की स्थिति को देखते हुए लगता नहीं की यह पैसा शौचालयों पर खर्च होता होगा।

पुराने बस स्टैंड और टैक्सी स्टैंड पर लाखों रुपये की लागत से बनाए गए महिला और पुरुष के लिए सार्वजनिक शौचालयों का देख.रेख के अभाव के कारण बुरा हाल है।इन सार्वजानिक शौचालय में इतनी गंदगी पसरी है कि लोग यहां कदम रखना भी पसंद नहीं करते हैं। इसके बावजूद नगर परिषद प्रशासन शौचालय की सफाई पर बिल्कुल भी ध्यान नहीं दे रहा हैं। नगर परिषद द्वारा शहर में लगभग सात से अधिक सार्वजनिक शौचालय का निर्माण लाखों रुपये की लागत से कराया था ताकि शहरवासियों को शौचालय को लेकर इधर उधर खुले में ना जाना पड़े। लेकिन अब यह महज शोपीस बनकर रह गया है। इन शौचालयों की बदतर हालत होने के कारण इनका इस्तेमाल करना परेशानी का सबब बन गया हैं।शौचालयों को लेकर शहरवासियों में काफी रोष हैं। पानी की व्यवस्था नहीं है।

### भरी गंदगी से बदहाल

शहरवासी रतन वर्मा ने बताया कि इतना ही नहीं शहर में आमजन की सुविधा के लिए बनाए गए मूत्रालय भी बदहाल स्थिति में है। नियमित सफाई नहीं होने के



कारण मूत्रालय गंदगी से भरे हुए हैं। शहर में पंजाबी चौक सहित अन्य स्थानों पर बने मूत्रालय गंदगी से भरे हुए हैं। जिसके कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रोशनलाल'न कहा कि पुराने बस स्टैंड गुरथली रोड के नजदीक बने सार्वजनिक शौचालयों की दुर्दशा होने से आमजन को भारी परेशानी होती है।सरकर ने तो सार्वजनिक शौचालयों को नर्क बना दिया है, इससे अच्छा इन शौचालय को बंद करवादे। कम से कम लोगों का यह से उठाना बैठना और चलना ठीक हो जायेगा।यहाँ कोई व्यवस्था नही हैं। उन्होंने कहा कि शहर के नेहरू पार्क, टैक्सी स्टैंड के शौचालयों का भी बुरा हाल है। सार्वजानिक शौचालय की ओर नगर परिषद प्रशासन बिल्कुल भी गंभीर नही है।

### सफाई के लिए पोर्टल पर टेंडर लग चुका

शहर में बने सार्वजनिक शौचालयों के रख.रखाव व सफाई के लिए पोर्टल पर टेंडर लग चुका हैं। जल्द की टेंडर की प्रक्रिया पूरी होने के बाद काम करवा दिया जाएगा। शौचालयों के कारण आमजन को परेशान नहीं होने दिया जाएगा। **-मुकेश मिर्धा** चेयरपर्सन, नगर परिषद नरवाना

## जरूरतमंद लोगों को गरम वस्त्र वितरित, शहर में जगह-जगह लगाए गए भंडारे

# धूमधाम से मनाया मकर संक्रांति का पर्व

- जरूरतमंद लोगों को गरम वस्त्र वितरित किए
- अग्नि देवता की पूजा कर परिवार के सुखद भविष्य की कामना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद





**जींद।** जरूरतमंद महिलाओं को चेक वितरित और कपड़े वितरित करते हुए प्रधान सूर्यदास। फोटो :हरिभूमि

जिलेभर में रविवार को मकर संक्रांति पर्व श्रद्धापूर्वक मनाया गया। लोगों ने अल सुबह उठ कर स्नान किया और फिर मकानों के बाहर अग्नि देवता की पूजा कर परिवार के सुखद भविष्य की कामना की।

श्रद्धालुओं ने बुजुगारें तथा जरूरतमंद लोगों शाल व गर्म कपड़े भेंट किए और गरीबों को भोजन करवा उन्हें दान दक्षिण दी। सामाजिक संस्थाओं ने जगह-जगह भंडारों का आयोजन किया। शहर के अलग-अलग स्थानों पर सामूहिक भंडारों का आयोजन किया गया। शहर की हर गली व कूचे पर युवा, महिला व बच्चे प्रसाद के रूप में हलवा, पुरी ब्रैड, खीर व पकोड़े चखते हुए दिखाई दिए।

सेक्टर आठ में समाजसेवी एवं कांग्रेस नेता पवन गर्ग के नेतृत्व में भंडारा लगाया। उनके साथ संजय, मनीष गोयल, बबीता, रघुवीर गर्ग, राजीव गोयल, मोनू, सुनीता, मानसी ने भी सेवा की। बाजारों में भी पूरे दिन गर्म कपड़ों व अन्य सामान खरीदने वालों की भारी भीड़ उमड़ी रही। नवविवाहिताओं ने बुजुगारे का आर्शीवाद लिया और उपहार स्वरूप गर्म कपड़े, मुंगफली तथा रेवड़िया भेंट की। उधर, शहर की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं द्वारा हवन, यज्ञ आयोजित कर विश्व शांति, देश उन्नति व समाज की शुभ कामना के लिए भंडारे का आयोजन किया।

जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्रीने बताया कि सूर्य एक राशि में लगभग एक माह तक विचरण करता है और जब भी सूर्य एक राशि से दूसरी राशि में प्रवेश करता है तो संक्रांति होती है। इस प्रकार हर माह में संक्रांति होती है। शास्त्रों के अनुसार इस दिन सूर्य की पूजा करना, सत्संग, भजन, सेवा, दान एवं महापुरूषों के दर्शन करने से इसका फल सौ गुणा मिलता है।

### कुरीतियां रोकने पर बल

जींद शहर में अनेक जगह भंडारे लगा कर मकर संक्रांति पर्व मनाया गया। इस अवसर पर सफीदों गेट, मार्केट में भंडारा लगाया गया। संतमत धारा सेवा समिति प्रांगण में मकर सक्रांति के अवसर पर प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी जरुरतमंदों में गर्म वस्त्र व जूते बांटे गए तथा सत्संग व भंडारे का आयोजन किया गया। संस्था के प्रधान प्रचारक सूर्यदास द्वारा मनुष्य जीवन में अध्यात्म को अपनाने पर जोर दिया गया व संदेश दिया कि अध्यात्म को अपनाने से ही मनुष्य का कल्याण संभव है। समाज में फैली कुरीतियों जैसे दहेज प्रथा, कन्या भ्रूण हत्या, नशावृति इत्यादि को रोकने पर जोर दिया। इस अवसर पर मास्टर थांबू राम, मा. रमेश, रामअवतार, पवन, नितिन, नरेंद्र, नीलम देवी, अनिता, नारंगी, ललिता वर्मा, रीना, सुप्रिया व अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### दान-पुण्य में गुजरा मकर संक्रांति का दिन

मकर संक्रांति का पर्व दान-पुण्य में गुजरा। शहर में जगह-जगह भंडारे लोगों द्वारा लगाए गए। पुरानी मंडी में टिंबर स्टोर मार्केट के दुकानदारों द्वारा सामूहिक रूप से भंडारा लगाया गया। ऐसे ही एसबीआई बैंक के पास दुकानदारों ने ब्रैड-पकोड़ा, चाए का स्टॉल लगाया। गौशालाओं में पहुंच कर लोगों ने गुड़, हरा चारा, खल गायों को डाली। बाजारों में भी दुकानदारों ने गौशालाओं में दान के लिए रुपये एकत्रित किए। समाजसेवियों ने कहा कि हिंदू धर्म में मकर संक्राति के पर्व का बड़ा महत्व है। इस दिन बहु अपनी सास, जेठानी को मान-सम्मान करते हुए शॉल देती है। ऐसे ही लोग इस दिन दान-पुण्य करते है। मूंगफली, रेवड़ी भी लोग एक-दूसरे को इस दिन बांटते है। ये त्यौहारा भाईचारे का प्रतीक है। सब एक जगह अलाव जला कर हाथ सेंकते है। इस दिन माना जाता है कि सर्दी कम होनी शुरू हो जाती है। कई गांवों में सुख-समृद्धि के लिए हवन भी ग्रामीणों ने किया। जेजेपी कार्यकर्ताओं ने भी मकर संक्रांति का पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया।



**जींद।** सेक्टर आठ में मकर संक्रांति पर्व पर प्रसाद वितरित करते हुए श्रद्धालु।

### असमर्थ महिला कल्याण ट्रस्ट ने वितरित किया गेहूं

असमर्थ महिला कल्याण ट्रस्ट ने मकर सक्रांति पर 27वें ग्रामीण अन्न वार्षिक वितरण समारोह का आयोजन किया। समारोह की अध्यक्षता प्रधान रामनिवास अहिरका ने की। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के तौर पर अभिषेक बंसल, विशिष्ठ अतिथि महावीर गुप्ता, हरिओम वत्सन ने शिरकत की। समारोह में 30 गांव की 92 असमर्थ महिलाओं को 2275 रुपये प्रति क्विंटल गेहूं के सरकारी मूल्य के बराबर रकम के प्रत्येक महिलाओं को चेक दिए गए।



**जींद।** बैठक करते हुए महाबीर कंप्यूटर।

### घर-घर कांग्रेस, हर घर कांग्रेस की टाउन हाल पर आज होगी शुरूआत

- भाजपा सरकार में हर वर्ग आंदोलनरत : महावीर कंप्यूटर

**जींद।** युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव महाबीर कंप्यूटर ने कहा कि सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा घर-घर कांग्रेस हर घर कांग्रेस के कार्यक्रम का आगाज टाउनहाल से आगाज करेंगे। टाउनहाल से बाबा बाजार, पालिका बाजार, मेन बाजार व तांगा चौक, पंजाबी बाजार व शिव चौक तक डोर टू डोर घर-घर कांग्रेस हर घर कांग्रेस का प्रचार करेंगें। इस कार्यक्रम को लेकर बाजार के सभी व्यापारियों में काफी उत्साह है और कई ट्रेड यूनियन घंटाघर चौक, पालिका बाजार, मेन बाजार, तांगा चौक तथा पंजाबी बाजार एसोसिएशन करेंगी। महाबीर कंप्यूटर ने कहा कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा 36 बिरादरी के नेता हैं। उन्होंने अपने शासनकाल में सभी वगोंर् के हित में कार्य किए हैं और जींद की जनता से उनका काफी लगाव है। सुशील घोघडिया, राजेश काजी, प्रमोद, दीपक गोयल, गौरी शंकर, कमल, जोगिंद्र सरदार, जयकुमार गोयल, सतीश आदि मौजूद रहे।

# सरकार द्वारा पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने का किया जा रहा है कार्य : सुरभि गर्ग

- करोड़ों रुपये से करवाए जा रहे हैं विकास कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



**कैथल।** चेयरपर्सन सुरभि गर्ग वार्ड नंबर 11 गली नंबर 2 की रिपेयरिंग का शिलान्यास करते हुए। फोटो :हरिभूमि

नगर परिषद की चेयरपर्सन सुरभि गर्ग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। सबका साथ-सबका विकास नीति पर एक समान विकास प्रदेश में करवाए जा रहे हैं। बिना किसी भेदभाव के योग्य युवाओं को सरकारी नौकरियों का लाभ दिया जा रहा है। हलके में करोड़ों रुपये से विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। सरकार के पास धन की कोई कमी नही है। सुरभि गर्ग रविवार को 50 लाख की लागत से लाला चरणदास मार्ग का उद्घाटन करने उपरांत बोल रही थी। इस दौरान उन्होंने चिल्ड्रेन पार्क में 13.60 लाख रुपये की लागत से शौचालयों का उद्घाटन किया। वार्ड नंबर 11 गली नंबर 2 की रिपेयरिंग का शिलान्यास किया गया। इनके साथ विधायक लीला राम जी भी मोजूद रहे। विधायक लीला राम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ईमानदारी के साथ देश व प्रदेश की सेवा कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने धारा 370 खत्म कर दी और राम मंदिर का निर्माण शुरू करवाया, नोटबंदी, जीएसटी आदि लोगों के हितों के मुद्दे हल कर दिए। सरकार द्वारा किसानों के हितों में अनेक फैसले लिए गए हैं। मजबूत नेतृत्व के कारण आज पूरी दुनिया के अंदर भारत देश की अपनी अलग पहचान बनी है। प्रदेश सरकार किसान, गरीब, मजदूर और व्यापारी की सरकार है।

# कंडेला में तीन फरवरी को किसान मजदूर जागृति दिवस मनाया जाएगा

- सहकारी समितियां किसानों से ज्यादा ब्याज न वसूलें : कंडेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सर्वजातीय कंडेला खाप व भारतीय किसान मजदूर यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष टेकराम कंडेला ने कहा कि तीन फरवरी का दिन एक ऐतिहासिक दिन है। दिल्ली में पिछले साल चले किसान आंदोलन में सरकार ने जब किसान आंदोलन को तोड़ने की कोशिश की थी, उस समय तीन फरवरी 2021 को सर्वजातीय पंचायत व किसान संगठनों की सबसे पहले और बड़ी



**जींद।** बैठक करते हुए टेकराम कंडेला।

महापंचायत बुलाई गई थी। जिसमें भारी संख्या में लोग पहुंचे थे। अब इसी दिन को किसान-मजदूर जागृति दिवस के रूप में हर साल मनाया जा रहा है। इस बार बैठक कर निर्णय लिया गया है कि यह दिवस तीन फरवरी को राष्ट्रीय मुख्यालय कंडेला में ही मनाया जाएगा। कंडेला ने कहा कि वह लंबे समय से किसानों की मांगों व सामाजिक कायोंर् पर कार्य करते रहे हैं। राजनीति करना उन्होंने जनसेवा का माध्यम बताया है। सर्वखाप किस संगठन को मजबूत बनाने के लिए कई पदाधिकारियों की घोषणा की। जिसमें सुरेंद्र खूंगा को किसान यूनियन का जिला जींद का संगठन सचिव, वजीर दालमवाला को प्रधान, भाना राम, मा. किताब सिंह, जितेंद्र कंडेला, रामधारी यादव, राजेंद्र गोयत, ईश्वर उर्फ काला, राजकुमार को किसान संगठन की जिला कार्यकारी में शामिल किया गया है। इस मौके पर बग्गा सिंह, भीरा, अजमेर, अभेराम, रामकिशन, भेदू आदि मौजूद थे।



# खिलाड़ियों को खेल में नहीं आने दी जाएगी परेशानी: अमनदीप बेलरखां

**जींद।** नरवाना के बेलरखां गांव के फुटबाल स्टेडियम में युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष व राष्ट्रीय संयोजक भारतीय युवा कांग्रेस अमनदीप सिंह बेलरखा खिलाड़ियों से रूबरू हुए। खिलाड़ियों ने बताया कि स्टेडियम में लाइट की बहुत बड़ी समस्या है, जिससे सुबह व शाम को खेलने में दिक्कत आती है और खिलाड़ी अपनी अच्छे से समय पर प्रैक्टिस भी नहीं कर पाते हैं। अगर स्टेडियम में 10 लाइट की और व्यवस्था हो जाए तो खिलाड़ी समय पर और अच्छे से मेहनत कर पाएंगे। खिलाड़ियों की इस समस्या को देख कर अमनदीप बेलरखा ने तुरंत प्रभाव से 10 लाइटों की और व्यवस्था करवाई। अमनदीप बेलरखां ने कहा कि खिलाड़ियों को अगर आगे भी कोई परेशानी रहेगी तो वो उस दूर करने के लिए हमेशा हर समय तैयार रहेंगे। इस से पहले भी अमनदीप बेलरखां ने खिलाड़ियों की मांग पर दिसंबर महीने मे 10 लाइट स्टेडियम को डोनेट की थी।अमनदीप बेलरखां ने कहा कि यह सब समस्याएं अकेले खिलाड़ियों की नहीं है।

**दिक्कत** — तीन रेलगाड़ियों के लंबे समय तक रद रहने से यात्रियों की बढ़ी परेशानी

# इंटरलॉकिंग के चलते ट्रेनों के रद होने का शेड्यूल जारी

- एक माह तक चलेगा इंटरलॉकिंग का कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद




दिल्ली-बठिंडा रेलवे लाइन से गुजरने वाली 14624 पातालकोट एक्सप्रेस और प्रतिदिन वैष्णो देवी से आने वाली 16788 तिरूनेलवेली एक्सप्रेस, 19804 कोटा एक्सप्रेस और 16032 अंडमान एक्सप्रेस एक महीने तक बंद रहेगी। ट्रेन नंबर 14624 पातालकोट एक्सप्रेस 12 जनवरी से लेकर छह फरवरी तक रद्द रहेगी। ट्रेन नंबर 16032 भी 12 जनवरी से लेकर छह फरवरी तक रद्द रहेगी। वहीं ट्रेन नंबर 16788 11, 18 व 25 जनवरी के साथ-साथ दो फरवरी को रद्द रहेगी। वहीं ट्रेन नंबर 19804 14, 21 व 28 जनवरी के साथ-साथ चार फरवरी को रद रहेगी। इन ट्रेनों के बंद होने का कारण भोपाल में चल रहा इंटरलॉकिंग कार्य है। यह कार्य अगले एक महीने तक चलेगा। इन ट्रेनों के बंद होने से उचाना, जुलाना, नरवाना और जींद जंक्शन से ट्रेन में हर रोज सफर करने वाले यात्रियों को परेशानी होगी। इसके अलावा जो कर्मचारी प्रतिदिन नरवाना से उचाना, जींद और उचाना जाते हैं, उनको ज्यादा परेशानी आएगी। अब यात्रियों को कुरुक्षेत्र-दिल्ली डीएमयू या फिर श्रीगंगानगर इंटरसिटी एक्सप्रेस से ही दिल्ली जाना पड़ेगा। इसके अलावा दिल्ली जाने के लिए शाम से पहले कोई ट्रेन नहीं है, जिससे इन दोनों ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ बढ़ेगी और उन्हें भारी परेशानी के बीच सफर करना पड़ेगा। 14624 पातालकोट एक्सप्रेस सुबह चार बजकर दस मिनट पर फिरोजपुर कैंट से चलती है। यह ट्रेन प्रतिदिन आवागमन करती है सियोनी जंक्शन तक जाती है। 16788 नंबर तिरूनेलवेली एक्सप्रेस वैष्णो देवी कटरा से चलती है। इसके अलावा 19804 कोटा एक्सप्रेस और 16032 अंडमान एक्सप्रेस तथा 11450 जबलपुर एक्सप्रेस साप्ताहिक भी आवागमन नहीं करेगी जो माता वैष्णो देवी कटरा से चलती है। यह सभी ट्रेन नरवाना, उचाना, जींद और जुलाना स्टेशन से गुजरती हैं। 14624 पातालकोट एक्सप्रेस आठ बजकर 23 मिनट पर नरवाना जंक्शन पहुंच जाती है जो नरवाना से चलकर आठ बजकर 37 मिनट पर उचाना पहुंच जाती है। यह ट्रेन सरकारी कार्यालयों में जाने वाली कर्मचारियों के लिए उपयुक्त है। यह ट्रेन कर्मचारियों को समय पर जींद पहुंचा देती है।

### कई ट्रेनें महीनों से रद

जींद रेलवे जंक्शन अधीक्षक जयप्रकाश ने बताया कि भोपाल में इंटरलॉकिंग कार्य के चलते रद की गई हैं। इन ट्रेनों के रद होने से यात्रियों की परेशानी स्वाभाविक है। 14624 पातालकोट और माता वैष्णो देवी कटरा से आने वाली एक्सप्रेस ट्रेन अगले एक महीने तक रद कर दी है।